हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001
ई मेल : academic@durguniversity.ac.in वेब साइट : www.durguniversity.ac.in दूरभाष : 0788-2359400

क्र. 2887 /अका./2020 दुर्ग, दिनांक : 29/08/2020

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की आपाती बैठक शनिवार दिनांक 29.08.2020 समय दोपहर 03:00 बजे ऑनलाईन माध्यम से सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुए :

डॉ. अरूणा पल्टा, कुलपति – अध्यक्ष

1. डॉ. एम. ए. सिद्धिकी – सदस्य
2. डॉ. मीता चक्रवर्ती – सदस्य
3. डॉ. देबाशीष डे – सदस्य
4. डॉ. हंसा शुक्ला – सदस्य
5. डॉ. रक्षा सिंह – सदस्य
6. डॉ. महेशचन्द्र शर्मा – सदस्य
7. डॉ. आर. एन. सिंह – सदस्य
8. डॉ. प्रशांत श्रीधर बोकारे – सदस्य
9. सुश्री रूही अग्रवाल – सदस्य
10. डॉ. सुनील कु. वर्मा – सदस्य
11. पद्मश्री फूलबासन बाई यादव – सदस्य

डॉ. सी. एल. देवांगन, कुलसचिव – सचिव

कार्यपरिषद की आपाती बैठक दिनांक 29.08.2020 का कार्यवाही विवरण :–

विषय

कोविड–19 के संक्रमण की वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए सत्र 2017–18 एवं 2018–19 के परीक्षा में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रों को प्रतिभा सम्मान समारोह में ऑनलाईन माध्यम से पुरस्कार प्रदान करने विषयक।

प्रस्ताव क्रमांक 'अ'

कोविड–19 के व्यापक प्रसार के कारण स्वर्ण पदक अलंकरण समारोह न करा पाने की स्थिति में ऑनलाइन "प्रतिभा सम्मान समारोह" माननीय मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन के द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है जिसमें 2017–18 व 2018–19 की परीक्षा के प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पूर्व में कार्यपरिषद द्वारा अनुशंसित 5000रू. प्रति छात्र के रूप में प्रदान किये जाने का प्रस्ताव है यह राशि ऑनलाईन माध्यम से सीधे पात्र विद्यार्थीयों के खाते में जमा किया जाना है। उपरोक्त प्रस्ताव के अनुमोदन पर विचारार्थ प्रस्तुत।

निर्णयः– माननीय कार्यपरिषद द्वारा प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

प्रस्ताव क्रमांक 'ब'

सत्र 2017–18 व 2018–19 की विभिन्न परीक्षाओं में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र–छात्राओं जिनकी कुल संख्या 67 है उन्हें प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रोत्साहन राशि प्रदान करने हेतु बजट वर्ष 2020–21 के मुख्य शीर्ष क F. General Miscellaneous में उपशीर्ष 5. Gold Medal 5ii) Protsahan Rashi मद में प्रावधानित राशि 3.00 लाख है किन्तु प्रोत्साहन राशि प्रदान करने हेतु संभावित व्यय राशि 3.50 लाख अनुमानित होने के कारण इसी मुख्य शीर्ष के अंतर्गत अन्य उपशीर्ष की राशि का पुनर्विनियोजन करने तथा 50 हजार रूपये हस्तांतरित करने पर विचार करने हेतु प्रस्तुत।

क्र.	मुख्यशीर्ष का नाम	उपशीर्ष (मद) जिसमें से राशि स्थानान्तरित करना है	प्राव. राशि	अन्तरित पश्चात् उपलब्ध राशि	उपशीर्ष (मद) जिसमें राशि स्थानान्तरित करना है	प्राव. राशि	अन्तरित राशि (पुनर्विनियोजन पश्चात्)	अन्तरित पश्चात् उपलब्ध राशि
1.	F. General Miscellaneous	5.) Gold Medal 5.i) University Gold Medal/Distribution Function	2.00	1.50	Gold Medal 5.ii) Protsahan Rashi	3.00	0.50	3.50
		Total	2.00	1.50	Total	3.00	0.50	3.50

निर्णय :– माननीय कार्यपरिषद् द्वारा उपरोक्तानुसार पुनर्विनियोजन का अनुमोदन किया गया।

बैठक के अंत में कुलसचिव ने अध्यक्ष एवं उपस्थित समस्त सम्माननीय सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कुलपति (अध्यक्ष) — 29.8.2020

कुलसचिव (सचिव)

पृ.क्र. 2888 /अका./2020 दुर्ग, दिनांक : 29/08/2020

प्रतिलिपिः

1. माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल के सचिव, राजभवन, रायपुर (छ.ग.)
2. समस्त सम्माननीय सदस्यों को।
3. समस्त विभागीय अधिकारी, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
4. कुलपति के निज सहायक एवं कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कुलसचिव